हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 9 जून 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

4 16 पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561

### जंगल में सो रहे मजदूरों पर देर रात गजराज का हमला, क्षेत्र में दहशत

# सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को हाथी ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

कोरिया जिले के सोनहत ब्लाक से लगे सुदूर वनांचल क्षेत्र कोटाडोल के ग्राम देवशील में रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार रामगढ़-कोटाडोल सड़क निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया जा रहा है। देवशील ग्राम के पास पुलिया एवं सड़क निर्माण का कार्य जारी है। निर्माण कार्य में लगे मजदूर रात के समय जंगल किनारे झिल्ली बनाकर अस्थायी रूप से ठहरे हुए थे। बताया जा रहा है कि बीती रात जंगल में विचरण कर रहे एक हाथी ने अचानक मजदूरों पर हमला कर दिया। घटना में गौरव गोंड पिता पूरन सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी नगर तथा अमर सिंह गोंड पिता जायकरन गोंड उम्र 33 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी के हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद अन्य मजदूर जान बचाकर भागे और शोर मचाते हुए किसी तरह अपनी जान बचा सके। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की गई तथा आगे की वैधानिक प्रक्रिया जारी है। वहीं घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों और मजदूरों में भारी दहशत व्याप्त है। वनांचल क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और हाथियों की लगातार निगरानी की मांग की है। लगातार बढ़ रही हाथियों की आवाजाही और मानव बस्तियों के करीब पहुंचने की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि जंगल क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था नहीं होने से ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं।



मृतक।



घटनास्थल।



अस्पताल में भर्ती घायल।

## सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर चैनपुर क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। गैस पाइपलाइन बिछाने के कार्य में लगे सड़क किनारे खड़े कंटेनर से तेज रफ्तार बाइक के टकरा जाने से यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त था कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर रिफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएच 43 पर गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी था। इसी दौरान कार्यस्थल के समीप सड़क किनारे एक भारी कंटेनर खड़ा था। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार से आ रही बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए अंबिकापुर रिफर करने का निर्णय लिया, जबकि तीसरे युवक का उपचार जारी है।



हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही अथवा कार्यस्थल पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण हुआ। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सड़क किनारे खड़े कंटेनर के पास आवश्यक चेतावनी संकेतक और रिफ्लेक्टर लगाए गए थे या नहीं। फिलहाल पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर चिंता का माहौल है और लोग सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन कार्य स्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन की मांग कर रहे हैं।




# 6 माह में उखड़ी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- गुणवत्ता पर उठे सवाल, छिंदिया गांव का मामला

कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छिंदिया में डीएमएफ मद से करीब 19 लाख 57 हजार रूपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग छह माह पहले बनी यह सड़क अब कई स्थानों से टूटकर उखड़ने लगी है।

जानकारी के अनुसार देवलाल के घर से फूलसाय के घर तक लगभग 530 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया। सड़क की ऊपरी परत कई जगह से टूटकर बिखर रही है और गिट्टियां बाहर निकलने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क से वर्षों तक बेहतर आवागमन की उम्मीद थी, वह कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई। सड़क की स्थिति देखकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में पक्की सड़क निर्माण की मांग की थी, इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद से सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी आरईएस विभाग की निगरानी में ग्राम पंचायत छिंदियां को सौंपी गई थी। अब सड़क के क्षतिग्रस्त होने के बाद ग्रामीण निर्माण एजेंसी और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यदि कार्य गुणवत्ता के साथ किया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती।

सूत्रों के मुताबिक सड़क की बदहाल स्थिति कैमरे में कैद होने के बाद जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में रिपेयरिंग कार्य शुरू कराया गया। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि नई सड़क जब छह महीने भी नहीं टिक पाई तो मरम्मत कार्य कितने दिनों तक टिकेगा, यह बड़ा सवाल है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों और संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है, तभी सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

### जांच कराया जाएगा

पूरा मामला जांच का विषय है, आखिर दोषी कौन है। जांच प्रतिवेदन आने के बाद में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-ए.पन्ना, सीईओ**
जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर

## खबर संक्षेप

### बीज उपलब्ध कराने के लिए नमूना संग्रहण



**मनेन्द्रगढ़।** कृषकों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने तथा बीज एवं उर्वरक गुण नियंत्रण अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ में निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई सतत रूप से की जा रही है। उप संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एमसीबी के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय निरीक्षक जितेन्द्र झा द्वारा विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के विभिन्न उर्वरक एवं बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अग्रहरी कृषि सेवा केन्द्र, नागपुर, कोरिया कृषि विकास केन्द्र, जायसवाल कृषि सेवा केन्द्र सहित अन्य प्रतिष्ठानों से बीज एवं उर्वरक के नमूने संग्रहित कर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर बीज एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे हैं, जिससे कृषकों को मानक गुणवत्ता की कृषि आदान सामग्री उपलब्ध हो सके। नमूनों के परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत संबंधित अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 120 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**अनूपपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर द्वारा 1 मई से 30 मई तक आयोजित समर कैंप का भव्य समापन नगर परिषद बनगवां में किया गया। एक माह तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 120 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न खेल गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभाओं को निखारना तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा। समापन समारोह में नगर परिषद बनगवां के अध्यक्ष यशवंत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लखन लाल पनिका, रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव रामचंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत्त ग्रामीण ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुमडेवा केदमा निवासी निर्मल खेस (46 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 4 जून की शाम नशे में घर पहुंचा और परिजन से विवाद करने लगा। इधर पति के विवाद करने पर पत्नी बाड़ी में जाकर सो गई। तड़के पत्नी कमरे में आई तो देखी पति गंभीर हालत में पड़ा हुआ है। कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# सोनहत में चार बाल विवाह प्रशासन ने रुकवाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- दो जोड़ों पर जारी हुआ निषेधाज्ञा आदेश

कोरिया जिले के सोनहत क्षेत्र में प्रस्तावित चार बाल विवाहों को जिला प्रशासन, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक रोका गया। त्वरित हस्तक्षेप और कानूनी कार्रवाई के चलते दो जोड़ों के विवाह पर निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया, जिसके बाद संबंधित परिवारों ने बाल विवाह नहीं करने की सहमति दी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला बाल संरक्षण इकाई को सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत रामगढ़, उज्ञांव और नवाटोला में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई थी। जांच के दौरान एक प्रकरण में बालिका की आयु 14 वर्ष एवं बालक की आयु 19 वर्ष तथा दूसरे प्रकरण में बालिका और बालक दोनों की आयु 17-17 वर्ष पाई गई। जांच में बाल विवाह की पुष्टि होने पर संबंधित परिवारों को समझाइश दी गई, लेकिन विवाह की तैयारियां जारी रहने के कारण प्रकरण सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी किया और बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की। कानूनी कार्रवाई के बाद दोनों परिवारों ने बाल विवाह नहीं करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने में सहयोग करें।



### 4-4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने की दिशा में लगातार संवेदनशील पहल की जा रही है। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को शासन की ओर से 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केल्हारी तहसील निवासी स्वर्गीय शिवमंगल की सर्पदंश के काटने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार केल्हारी तहसील निवासी स्वर्गीय गौतम की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

# मंत्री नेताम ने किया शुभंकर पोस्टर का विमोचन

**बैकुण्ठपुर।** स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में कोरिया जिले ने एक अभिनव पहल की शुरूआत की है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छग शासन के मंत्री रामविचार नेताम ने सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम तरगवां में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में सफइता भैया एवं सफइतिन दीदी शुभंकर पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री नेताम ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत प्रत्येक परिवार, संस्था और व्यवसायिक प्रतिष्ठान को कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करना होगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गीले, सूखे, सेनेटरी और घरेलू हानिकारक कचरे को अलग-अलग करना अब केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यक नागरिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस पहल को स्वच्छ कोरिया, सुघ्घर कोरिया, समृद्ध कोरिया के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया।




विमोचन करते मंत्री, विधायक व अन्य।

# दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को शिविर में मिले सहायक उपकरण

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के दिशा-निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत सुशासन को धरातल पर लाने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार को जनपद पंचायत बैकुंठपुर की ग्राम पंचायत तरगवां में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को उनकी आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायक उपकरणों का वितरण छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन तथा पशुधन विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, विधायक भईयालाल राजवाड़े तथा कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के करकमलों से किया गया। शिविर में ग्राम कसरा निवासी जगमोहन पिता श्री सुखदेव को आवागमन सुगम बनाने के लिए ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम कुसुमदुगा निवासी 72 वर्षीय बालकृष्ण पिता जानसाय तथा ग्राम चेरवापारा निवासी 80 वर्षीय धनसाय पिता ननका को व्हीलचेयर प्रदान कर लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त 6 वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग की ओर से छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े एवं जिपं सदस्य गीता राजवाड़े, जिपं सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी विभागों के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### ग्राम तरगवां शिविर में 20 गांवों के ग्रामीण पहुंचे

# नशामुक्ति और टीबी मुक्त कोरिया का मंत्री ने दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर आयोजित राज्यव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम तरगवां में जिले का अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 20 गांवों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कैबिनेट मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने किसानों, महिलाओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा समस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मंत्री श्री नेताम ने किसानों से धान के साथ-साथ कोदो, कुटकी, रागी, दलहन और तिलहन फसलों का उत्पादन बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अधिक पानी की आवश्यकता होती है, जबकि मोटे अनाज, दलहन और तिलहन कम पानी में बेहतर उत्पादन देते हैं। फसल चक्र अपनाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी और भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहेगी। उन्होंने रासायनिक खाद के बढ़ते दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से जमीन की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि विष्णु देव साय सरकार ने गठन के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति दी है, जिसका लाभ कोरिया जिले के पात्र हितग्राहियों को भी मिल रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सर्वे में शामिल प्रत्येक पात्र परिवार को आवास का लाभ मिलेगा। ⏭ शेष पेज 4 पर




शपथ दिलाते कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम।




शिविर में उपस्थित ग्रामीण।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत चला सफाई अभियान

**कोरिया कॉलरी।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत 8 जून को बाबा भीमराव अंबेडकर चौक कोरिया कॉलरी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान भगवान शंकर के नवनिर्मित मंदिर एवं बाबा अंबेडकर चौक परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रभारी मंडल मंत्री अनिरूद्ध प्रजापति को बनाया गया था। अभियान में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुसूचित ⏭ शेष पेज 4 पर





# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।' आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

## हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।


## टीवी मसाला



# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?



नई दिल्ली। 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार



**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।' राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।' रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे। आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर




खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

## टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



### फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

### कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

### क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

### संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## खबर संक्षेप

### किसानों के नाम फर्जी ऋण प्रकरण तैयार करने का आरोप

**रामानुजगंज।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थानीय शाखा रामानुजगंज में किसानों के नाम पर कथित रूप से फर्जी ऋण प्रकरण तैयार कर धान विक्रय राशि में लाखों रूपये की कटौती करने का मामला गंभीर होता जा रहा है। मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अरविंद दुबे ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है तथा इसे संभावित रूप से एक बड़ा वित्तीय घोटाला बताया है। अरविंद दुबे ने बताया कि विगत वर्ष जब किसानों को धान विक्रय की राशि का भुगतान करने के दौरान बड़ी संख्या में किसानों के खातों से तथाकथित ऋण की कटौती की गई। चौंकाने वाली बात यह है कि ऐसे अनेक किसानों के नाम भी ऋण दर्शाया जा रहा है जिन्होंने कभी ऋण के लिए आवेदन तक नहीं किया और न ही ऋण लिया। व्यवस्था के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधे किसानों को ऋण प्रदान नहीं करता, बल्कि सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण की प्रक्रिया संचालित होती है। संबंधित समितियां किसानों के रकबे एवं पात्रता के आधार पर ऋण प्रस्ताव बैंक को भेजती हैं, जिसके बाद ऋण स्वीकृत किया जाता है। वर्तमान मामले में कई किसानों के नाम ऐसे ऋण दर्ज हैं जिनकी जानकारी स्वयं किसानों को नहीं है। पीड़ित किसानों को संबंधित समितियों द्वारा यह प्रमाणित किया गया है कि उन्होंने समिति से कोई ऋण प्राप्त नहीं किया है तथा उनके नाम पर कोई बकाया राशि नहीं है। इसके बावजूद जिला सहकारी बैंक इन प्रमाणपत्रों को स्वीकार नहीं कर रहा और किसानों की धान विक्रय राशि से कथित बकाया ऋण की कटौती कर रहा है। किसानों ने इस संबंध में बैंक के महाप्रबंधक तथा जिला प्रशासन को आवेदन प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई है। किसानों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है लेकिन मामले में कार्रवाई नहीं की गई है।

### फर्जी शिकायत से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**धौरपुर।** ग्राम अमड़ी निवासी स्वयंबर सिंह, कुंवर साय एवं प्रभु द्वारा गांव के ही सूरजप्रसाद गुप्ता, कैलाश गुप्ता एवं रामेश्वर सिंह के विरूद्ध मुख्यमंत्री एवं एसडीएम से फर्जी शिकायत करने से आक्रोशित ग्रामीण रविवार को पुलिस थाना पहुंचे एवं नाराजगी जताई। नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप शिकायत की जांच कराने एवं शिकायतकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को मामले की जांच कराने का आश्वासन देकर उन्हें घर जाने की सलाह दी।

### मजदूरों को दी गई योजनाओं की जानकारी

**रामानुजगंज।** जिपं सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में ग्राम पंचायत चाकी में निर्माणाधीनतिरया स्थल पर रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को तरिया के लाभ से अवगत कराया गया साथ ही क्यूआर कोर्ड स्केनिंग की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री आवास योजना 90 दिवस की मजदूरी, आवास निर्माण के किस्तों के भुगतान सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति प्रोत्साहित किया गया तथा स्व-सहायता समूह समूहों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## अब तक पानी में डूबने से आधा दर्जन लोगों की हो चुकी है मौत

# लिब्रा वाटर फाल में हर रोज उमड़ रही लोगों की भीड़, नहीं है सुरक्षा व्यवस्था




लिब्रा वाटर फाल एवं वाटर फाल में नहाते युवा, इनसेट में लगाया गया सूचना बोर्ड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

**खास बातें**
- भीषण गर्मी में राहत पाने परिवार के साथ पहुंच रहे लोग
- पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो सकता है लिब्रा झरना

भीषण गर्मी से जहां कूलर, पंखा ने जवाब दे दिया है वहीं कल कल करता स्वच्छ निर्मल जल गर्मी में राहत देने को काम कर रहा है। सुबह से ही तेज धूप और भीषण गर्मी से लोग परेशान है। ऐसे में गर्मी से राहत पाने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में लिब्रा झरना पहुंच रहे है। शहर के करीब होने के कारण लोग परिवार के साथ यहां सुबह से लेकर देर शाम तक देखे जा सकते है। लिब्रा झरना में बच्चों, युवाओं व युवतियों और महिलाओं मौज मस्ती करते आसानी से देखे जा सकते है। सुंदर जलप्रपात होने के कारण अब लोगों को यह मन पसंद जगह हो गई है जहां गर्मी के मौसम में भी लोग पिकनिक मनाने पहुंचने लगे है। लेकिन सुरक्षा के अभाव होने के कारण यह लोगों के लिए खतरनाक है। दो साल पूर्व झरना में एक युवती डूबने से मौत हो चुकी है जिसके बाद लिब्रा झरना में लोगों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन अब लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है और पुनः पिछले माह दो युवकों के डूबने से मौत हो गई। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

शहर से लगभग 12 किलोमीटर की दूर स्थित लिब्रा झरना है जहां मई व जून के महीने में लोगों की काफी भीड़ उमड़ती है। मई महीने में 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान होता है। ऐसे में झुलसा देने वाली तेज धूप और भीषण गर्मी पड़ने से लोगों को लिब्रा झरना में आने के बाद काफी सुकून मिलता है। सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में लोग स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। शहर के समीप होने के कारण शहर के लोगों का आकर्षण का केंद्र बनते जा रहा है। लिब्रा झरना के प्रति बढ़ते रुझान है लोगों को पत्थरों से टकराते हुए ऊंचाई से जब पानी की तेज धारा नीचे गिरती है तो सफेद मोती अदृश्य नजारा, सम्मोहन, हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है। लोगों को यहां कल कल करती पानी के धारा से जो आनंद मिलता है वह किसी स्विमिंग पूल में शायद ही मिले। गर्मी के इस मौसम में ही लिब्रा झरना अपने रंगत में है। झरने से बहने वाली पानी की धारा पतली भी नहीं हुई है। घुनघुट्टा श्याम परियोजना के तहत निर्मित बांध के वेस्ट क्लियर से बहने वाली पानी इस झरने में आता है। जलाशय से निकलने वाले नहर के पकी होने के कारण नहर के बजाय अपनी वेस्ट बियर की हिस्सों में ही पानी बह रहा है। गर्मी में झरना अपनी खूबसूरती से लोगों को आकर्षित कर रहा है और ग्राम पंचायत करजी के निकट स्थित लिब्रा झरना का स्वच्छ निर्मल जल और सौंदर्य इस बात को प्रमाणित करता है कि सौंदर्य के आकर्षण से ही खूबसूरत स्थल का जन्म होता है यही कारण है कि इस सुंदरता को प्रभावित लोग यहां खिंचे चले आते हैं।

### सुरक्षा का अभाव, हर साल होती है मौत

लिब्रा झरना अब लोगों का मन पसंद जगह में एक बन गया है। ऐसे में हर मौसम में लोग बड़ी संख्या में यहां आते है। लिब्रा झरना में लोगों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं है। झरना से पानी गिरने के कारण नीचे काफी गड्ढा है जहां हर समय डूबने की संभावना बनी रहती है। हालांकि परिवार के साथ आए लोग अपने बच्चों का ख्याल रखते है लेकिन युवा मनोरंजन के लिए आते है जो उनके लिए काफी खतरनाक है।

#### प्रशासन ने लगाया था प्रतिबंध

हर वर्ष गर्मी के मौसम में लिब्रा झरना लोगों की भीड़ उमड़ती है। दो वर्ष पूर्व सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं होने के कारण लिब्रा झरना में एक युवती के डूम जाने से मौत हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने लिब्रा झरना में लोगों को जाने से प्रतिबंध लगा दिया था। लगभग दो साल बाद पुनः अब लिब्रा झरना में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है जबकि आज भी यहां सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### शराबियों का बना अड्डा

लिब्रा झरना सूनसान पहाड़ी क्षेत्र में होने के कारण अब शराबियों का अड्डा बन गया है। युवा नशा खोरी करने के बाद कांच के बोतल को झरना में ही फेंक देते है जिससे यहां स्नान करने वाले लोगों के पैर में चूबने का खतरा होता है। पुलिस के तैनात नहीं होने के कारण आसपास के ग्रामीण हडीया शराब लेकर पेड़ के नीचे बेखौफ होकर बिक्री करती है।

#### हर साल होती है मौत

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2019 और उसके बाद कोरोना काल के दौरान सोशल मीडिया ने इस जलप्रपात को नई पहचान दिलाई। युवाओं द्वारा यहां की तस्वीरें और वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए जाने लगे। जिसके बाद लोगों की भीड़ हर साल उमड़ने लगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक 2019 से लेकर 2026 तक यहां डूबने की कई घटनाएं हो चुकी हैं और लगभग आधा दर्जन लोगों की जान चली गई है। कई मामलों में लोगों को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन गहराई और तेज जल प्रवाह के कारण सफलता नहीं मिल सकी। कुछ घटनाओं में शवों को घंटों की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

#### लिब्रा वाटरफॉल है क्षेत्र है प्रतिबंधित

लिब्रा वाटरफॉल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित है। इसके बावजूद लोगों के वहां जाने की जानकारी मिली है। पुलिस को निर्देश दिए गए है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।
-वन सिंह नेताम, एसडीएम



### भाजपा जिला कार्यालय अटल कुंज में शहर मंडल की कामकाजी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की कामकाजी बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों एवं 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की बात कही। जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने कहा कि आगामी कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि जनता के बीच संगठन की विचारधारा और उपलब्धियों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बूथ स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने तथा नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने की बात कही। जिला महामंत्री किसान मोर्चा अजय अग्रवाल अज्जू ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करना ही एक कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने किसानों, युवाओं और आम नागरिकों के बीच लगातार संवाद बनाए रखने तथा जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा ने दिया, मंच संचालन मंडल महामंत्री नीरज जिंदिया बंटी ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद तायल ने किया। बैठक में शिव शंकर साहू, सरोज साहू, असरफ एराकी, कौशल्या सिंह, हिमांशु जैन, अजय सिंह, प्रदीप सोनी, प्यारेलाल साहू, भोला शंकर साहू, बजरंग राजवाड़े, देवमुनिया साहू, ज्योति देवांगन, अनीता गुप्ता, धनसाय सिंह, सत्यनारायण गुप्ता, भूपेंद्र राजवाड़े, जितेन्द्र शर्मा, संदीप जायसवाल, शेखर साहा, धरम सोनी, उगेन्द्र राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### चार लोगों ने किया बीजेपी प्रवेश

**पोड़ीमोड़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर शक्ति केन्द्र खोरमा में कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। नगर पंचायत में भी भारतीय जनता पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष है ऐसे में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी के साथ काम करें और जन-जन तक शासन के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें जिससे कोई भी व्यक्ति लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में बनारस मार्ग में धूल का गुब्बारा उड़ता था। जगह-जगह गड्ढे थे। सड़क की स्थिति इतनी खराब थी कि लोगों का सफर करना काफी मुश्किल था। विधायक बनते ही सबसे पहले सड़क को ही बनवा दी।

### 20 साल बाद लौटा वॉलीबॉल का जुनून : प्रतापपुर में रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- उद्घाटन मैच में प्रतापपुर ने आईटीआई को हराया

नगर के बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड में दो दशक बाद आयोजित रात्रिकालीन ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। लंबे समय बाद नगर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रेमियों और दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने वॉलीबॉल ग्राउंड का फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने आयोजन समिति को सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। उद्घाटन मैच प्रतापपुर और आईटीआई टीम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन



करते हुए प्रतापपुर की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजयी आगाज किया। प्रतियोगिता को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। लगभग दो दशक बाद प्रतापपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है, वहीं दर्शकों को भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हो रहा है। विशेष बात यह है कि पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन रात्रिकालीन स्वरूप में किया गया है, जिससे खेल प्रेमियों की बड़ी संख्या मैदान पहुंच रहे है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, मुकेश तायल, खेल समिति अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, अनिल जायसवाल, अरविंद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, नंदलाल तिवारी, डीआर तिग्गा, अंकुश वर्मा, योगेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, तरुण भौमिक, आनंद शुक्ला, किरण जायसवाल, अफजल सहित अन्य मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का लगाया आरोप

**ओड़गी।** ब्लॉक मुख्यालय में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित हो रहे महतारी सदन भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।स्थानीय ग्रामीणों और दानी पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण में निर्धारित मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में कमजोर ईंट, निम्न स्तर का सीमेंट तथा गुणवत्ता विहीन सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी के बावजूद निर्माण स्थल पर आवश्यक पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा और ईंटों को भी पर्याप्त रूप से भिगोकर उपयोग नहीं किया जा रहा है। निर्माण विशेषज्ञों के अनुसार क्योरिंग और ईंटों को भिगोना भवन की मजबूती के लिए बेहद आवश्यक प्रक्रिया है। इसकी अनदेखी से भवन की आयु और मजबूती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य की नियमित तकनीकी निगरानी नहीं होने से ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है।

### भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संकल्प भवन में शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की परिचयात्मक बैठक हुई। बैठक में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्षों के उपलब्धियों पर चर्चा की गई साथ ही किसानों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ.अम्बिकेश केशरी ने कहा कि किसान



देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और भाजपा सरकार किसानों के सम्मान तथा समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं को सेवा और जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि किसान मोर्चा किसानों और सरकार के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष अनिल उरांव निराला ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेंगे।

**कार्यालय प्रबंधन समिति मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**
Contect No. 84355-88354, मो. 8871141544
E-mail:- nsnpsingh22776@gmail.com Whatsapp No. 8770678891

क्रमांक / MDS/009/2026 दिनाँक 08/06/2026

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय श्री सर्वेश्वरी नगर, तलवापारा, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) में कॉलेज कोड-039 के पार्ट-IV की धारा 16 एवं 17 (2) परिनियम-28 के प्रावधानानुसार निम्नलिखित पदों के लिए उनके सामने दर्शाये गए संख्या में प्राचार्य / उप-प्राचार्य / प्राध्यपकों / सहायक प्राध्यापकों एवं अन्य शिक्षक कर्मचारियों की नियुक्ति किया जाना है, जो निम्नानुसार है:-

| S. No. | Name of Post | Needed to Post | Educational Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | Principal | 01 | PG any Subject with 50%, M.Ed. PHD In Education |
| 02 | Vice Principal | 01 | PG any Subject with 50%, M.Ed. Or PHD |
| 03 | Professor | 04 | PG any Subject with 50%, M.Ed. |
| 04 | Assistant Professor | 09 | PG any Subject with 50%, M.Ed. Or Equivalent |
| 05 | PTI | 01 | PG In Physical Education Or Degree |
| 06 | Music Teacher | 01 | PG in Music |
| 07 | Librarian | 01 | B. Lib Or M.Lib with PG any Subject |

**शैक्षणिक योग्यता / वेतनमान / अन्य शर्तें:-** 1. उपरोक्त उल्लेखित सभी पदों के लिए यू.जी.सी./ छ.ग. शासन / विश्वविद्यालय / प्रशासकीय समिति, मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय श्री सर्वेश्वरी नगर, तलवापारा, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) के नियमानुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं मापदंडों के अनुरूप वेतन दिया जायेगा। 2. शैक्षणिक पदों की नियुक्ति में छ.ग. शासन के द्वारा जारी रोस्टर नियम का पालन किया जायेगा। 3. स्पीड / पंजीकृत डाक / स्वयं के माध्यम से विज्ञापन जारी होने के दिनाँक से पंद्रह (15) दिवस तक महाविद्यालय के कार्यालय में जमा कर सकेंगे। 4. अभ्यर्थी आवेदन में समस्त प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि, स्वयं का पासपोर्ट साईज फोटों के साथ महाविद्यालय में कार्यालय में जमा करेंगे। 5. नियुक्ति संबंधी सर्वाधिकार महाद्यिालय के प्रबंधन समिति के पास सुरक्षित है। तथा प्रकाशित पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।

**प्रेषक**
**प्रबंधन समिति मार्गदर्शन संस्थान शिक्षा महाविद्यालय**
**श्री सर्वेश्वरी नगर, तलवापारा, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

## प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
**अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी**
**स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025**
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि कार्यक्रम** - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर

- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार

- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर

MAHESHWARI

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सेदम।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के निर्माण के उद्देश्य से ग्राम जरहाडीह में विशेष पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष श्रीकांत गुप्त, मंत्री गोविंद यादव, सदस्य सुन्दर दास, मुकेश गुप्ता, पंच बुधराम सिंह, आशीष कुजूर, फिरोन कुजूर एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से 50 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधे न केवल हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, जल संरक्षण, जैव विविधता को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में वन विभाग के वनपाल पालेश्वर राम, रामू खलखो, देवेंद्र शुक्ला एवं वन रक्षक कौशल पैकरा की विशेष सहभागिता रही।

### सर्व नाई सेन समाज बलरामपुर रामानुजगंज में बैठक

**अम्बिकापुर।** जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार को सर्व नाई सेन समाज की बैठक हुई। संगठन का दो जिला अध्यक्ष होने के कारण कई बार गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने को लेकर समाज के लोगों एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश ठाकुर की उपस्थिति में कार्यकारिणी भंग कर सर्व सम्मति से संगठन का कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास को चुना गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सुदृढ़ीकरण एवं विकास संबंधी विषयों पर अपने सुझाव दिए। इस दौरान शत्रुघन ठाकुर, महेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, राजा ठाकुर, उदय ठाकुर, संजय ठाकुर, अशोक ठाकुर, महेन्द्र श्रीवास, भुपेन्द्र ठाकुर, दिनेश, कामेश्वर, राजेन्द्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### समलाया मंडल की बैठक में पर्यावरण संरक्षण पर मंथन

**अम्बिकापुर।** संकल्प भवन में आयोजित भाजपा समलाया मंडल की मासिक बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही है। 5 जून से 23 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न संगठनात्मक एवं जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर

# 16 पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत सिरियाखोह में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर जनकल्याण, संवेदनशील प्रशासन और प्रभावी सुशासन का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। संवाद से संपूर्ण समाधान की थीम पर आयोजित इस शिविर में 16 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया। ग्राम पंचायत शंकरगढ़, कठौतिया, बेलबहरा, सिरौली, कोथारी, साल्ही, खैरबना, पिपरिया, हस्तिनापुर, डंगौरा, भल्लौर, लालपुर, परसगढ़ी, चौनपुर, डोमनापारा तथा सिरियाखोह से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगे प्रशासन के समक्ष रखीं।

शिविर में 264 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें बड़ी संख्या में प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को तत्काल राहत प्रदान की गई। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा एवं उदित नारायण सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई कुसरो, जनपद सदस्य श्रीमती पूजा रानी कोल, एसडीएम लिंगराज सिदार, जिला पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह, तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बच्चों को खीर खिलाती कलेक्टर।

### कलेक्टर ने किया पौधरोपण



पौधरोपण करती कलेक्टर।

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित 18वीं बटालियन छग सशस्त्र बल (सीएएफ), चैनपुर परिसर में पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन एवं अग्नि सुरक्षा जागरूकता को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण शपथ, अग्निशमन एवं आपदा बचाव प्रदर्शन जैसे विविध कार्यक्रमों के माध्यम से हरित एवं सुरक्षित भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण अभियान से हुआ, जिसमें कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, 18 वीं वाहिनी सीएएफ के सेनानी संजय शर्मा, एसडीएम लिंगराज सिदार अधिकारियों एवं जवानों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कलेक्टर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते पर्यावरणीय संकट के दौर में पौधरोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण अग्निशमन एवं आपदा बचाव दल द्वारा प्रस्तुत लाइव डेमोंस्ट्रेशन रहा। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण, विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग को बुझाने की प्रक्रिया, आवासीय एवं बहुमंजिला भवनों में आग लगने पर राहत एवं बचाव कार्य, सुरक्षित निकासी प्रणाली तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

# आवास हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



राज्य शासन के निर्देशों के अनुक्रम में इस बार 8 जून को कोरिया जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस मनाया गया। मनरेगा अंतर्गत जल संरक्षण कार्यों की प्रगति की लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों में चल रहे कार्यस्थलों पर व्यापक जनसहभागिता के बीच यह आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान काफी संख्या में कार्यस्थलों पर श्रमिकों और आम ग्रामीणों ने मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत जिले में चल रहे समस्त जल संरक्षण कार्यों में सहभागिता का संकल्प लिया।

राज्य कार्यालय द्वारा जारी आदेश अनुसार प्रति माह चावल महोत्सव के साथ ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस और आवास दिवस मनाए जाने के निर्देश में आंशिक बदलाव करते हुए इस बार रोजगार दिवस 8 जून को मनाया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में आयोजित हुए रोजगार दिवस के इस अवसर पर कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की प्रत्येक संरचना का निर्माण कार्य आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व पूर्ण करने पर बात की गई। कार्यस्थलों पर उपस्थित सभी श्रमिकों ने अपनी आगामी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण को अपनाने और जल संचय को बढ़ाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। महिलाओं ने इस कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशों पर 5 मई से आरंभ किए गए क्लस्टर शिविर के पूर्व ही संबंधित ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों से संपर्क किया गया। साथ ही आज आवास दिवस में मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास दोनों योजनाओं से संबंधित सभी लंबित भुगतान व जियो टेगिंग की प्रक्रिया को ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर पूरा किया गया।

# प्रकृति महिला उत्थान समिति का साहित्यिक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



साहित्य समाज की आत्मा होती है जिससे समाजोत्थान की और अग्रसर होता है, जिसमें पर्यावरण का अहम योगदान होता है, स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है, स्वस्थ समाज सुरक्षित जलवायु पर निर्भर करता है। इसी क्रम में मनेन्द्रगढ़ ही नहीं अपितु विश्व को स्वच्छ पर्यावरण की महत्वत्ता और स्वस्थ जीवन की परिकल्पना को चरितार्थ करने प्रकृति महिला उत्थान समिति के द्वारा पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन देश के प्रख्यात साहित्यकार श्रवण कुमार उर्मलिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मनेन्द्रगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार विनोद तिवारी ने वर्तमान वैश्विक विषमताओं पर आधारित विश्व युद्ध की हवा चल रही, प्रकृति नियंत्रण खो रही है के साथ प्रकृति चित्रण किया, इसके बाद हास्य के मानस्तंभ पुष्कर तिवारी ने वृक्ष महात्मा वृक्ष ऋषि मुनि करे जगत कल्याण के द्वारा वृक्षों की परोपकारी जीवन और मानव समुदाय पर उनके उपकारों को विस्तार से काव्य के माध्यम से बताया गया। साहित्यक विधा के प्रबुद्ध कवि श्याम सुंदर निगम ने पर्यावरण

को दूषित करना एवं पेड़ों को काटकर भौतिक सुविधाओं की लालसा से इंसान निष्ठुर बन रहा है। कवि एवं समाज सेवी मृत्युंजय सोनी ने आओ यार हम भी दिख जाएं हम ही क्यों हर जगह सर झुकाया सदा सलाम करने उठने वाले हाथ कुछ समय बाद हाथ नहीं रह जाते समाज की विषमताओं और इंसानी फितरत पर प्रकाश डाला। कवि नारायण तिवारी ने समाज में फैली कुरीतियों पर महिलाओं और बच्चियों पर कुकृत्यों पर आधारित फिर क्यों पुनिया गन्ने के खेत में सिमटी मिले गरीब बाप दवा के अभाव में क्यों संतान खोए पर मार्मिक कविता सुनाई। प्रख्यात साहित्यकार और व्यंग के महानायक श्रवण उर्मालिया ने जंगल अब नहीं रहा, बस गया शहर में एक अकेली चिड़यिा पूछती है, हम से अदभुद प्रकृति चित्रण से कार्यक्रम गौरवान्वित कर दिया। इसी तरह अन्य कवियों ने भी अपने-अपने विचार रखे और कार्यक्रम को मजेदार बनाया।

# लेखक बीरेन्द्र की नई पुस्तक का विमोचन




**मनेन्द्रगढ़।** छग पर्यटन के चर्चित लेखक बीरेन्द्र श्रीवास्तव की नई पुस्तक उत्तरी छग के अनुच्छेद पर्यटन स्थल एवं उनकी विविधता का छग वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित विशेष समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वनमंत्री केदार कश्यप तथा वन बल प्रमुख अरूण पांडे के हाथों विमोचित की गई।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम विचार नेताम सहित वन विभाग के उच्च पदाधिकारी उपस्थित रहे। वनस्पति विज्ञान के विद्वान लेखक डॉ.एमएल नायक, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा एवं अरूण कुमार पांडे की दो प्रमुख पुस्तक वेटलैंड आप छग एवं फ्लोरल डायवर्सिटी आफ बीजापुर फॉरेस्ट डिविजन, जैसी पुस्तक जहां छग के मध्य एवं दक्षिणी छग की जैव विविधता की बढ़ती चिताओं और समाधान के उपाय को एक विशेष दृष्टि प्रदान करती है। बीरेन्द्र श्रीवास्तव की पुस्तक उत्तरी छग के अनूठे पर्यटन स्थल और उनकी विविधता के माध्यम से उत्तरी छग के वनांचल पर्यटन और वन्य जीवन तथा वनों में फैली जैव विविधता का विशिष्ट मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक छग वन्य जनजीवन के रहन-सहन तथा जंगलों से जुड़ाव की अभिव्यक्ति को नए संदर्भ में परिभाषित करती है जो आगामी पीढ़ी के शोध छात्रों को इतिहास, वन पर्यटन एवं उत्तरी छग की जैव विविधता के साथ हमारे तालाब तथा झीलों के संरक्षण के उपायों पर विस्तृत दृष्टि प्रदान करता है। विश्व पर्यावरण दिवस के सम्मान समारोह मंच में पुस्तकों पर विद्वान अतिथियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से पुस्तकों की विशेष जानकारी संभ्रांत नागरिकों से साझा की। विमोचित पुस्तक के संदर्भ में बातचीत करते हुए बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यटन एवं जैव विविधता पर केन्द्रित इस पुस्तक में उत्तरी छग के पूर्वी द्वार जशपुर के चाय बागान से लेकर अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर एवं मनेन्द्रगढ़ के 29 करोड़ वर्ष पुराने समुद्री जीवाश्म, अमृतधारा जैव विविधता पार्क, तथा कोयले की यतुत संपदा अपने गर्भ में समेटे सिद्ध बाबा मंदिर के ऐतिहासिक जानकारी सहित अंचल के जाने अनजाने पर्यटन स्थलों की ऐसी जानकारी संग्रहित की गई है जो शोधार्थियों को एक नई दृष्टि प्रदान करेगा।

# अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ओपी

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले के लिए यह गर्व और सम्मान का विषय है कि झगराखाण्ड निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश (ओपी) विश्वकर्मा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सिंगापुर रवाना होंगे। उनके चयन से पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है। सिंगापुर में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनिया के विभिन्न देशों के अनुभवी एथलीट भाग लेंगे। इंडिया मास्टर एथलेटिक्स टीम की ओर से ओपी विश्वकर्मा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वे कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सिंगापुर के लिए रवाना हो चुके हैं। ओपी विश्वकर्मा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। वर्षों से एथलेटिक्स के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके अनुभव और उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए एक बार फिर उन्हें भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। उनके चयन की खबर सामने आते ही जिले के खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों, वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। सभी को उम्मीद है कि वे सिंगापुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन करेंगे। गौरतलब है कि ओपी विश्वकर्मा पहले भी अनेक राष्टीय एवं अंतरराष्टीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं। उनके खेल जीवन की उपलब्धियां युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रही हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर खेल जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### डॉ. जायसवाल को एफएआईजी फेलोशिप से किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर के डॉ दीपक जायसवाल को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं रोग प्रबंधन में विशेषज्ञता के लिए प्रतिष्ठित एफएआईजी



(फेलोशिप ऑफ़ एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट ) अंतर्गत एडवांस डिसीस मैनेजमेंट के फेलोशिप से सम्मानित किया गया है । उक्त सम्मान 6 जून को हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी - एआईजी हॉस्पिटल में आयोजित फिजिशियन कॉन्वोकेशन समारोह में हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ डी.नागेश्वर रेड्डी के द्वारा प्रदान किया गया है।बता दें कि एआईजी अस्पताल विश्वस्तरीय एवं अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक माना जाता है, जो चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और उन्नत रोग प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। डॉ जायसवाल वर्तमान में श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, रायपुर में आंतरिक चिकित्सा (मेडिसिन) विभाग में सेवाएं दे रहे हैं।

### 56 यूनिट रक्तदान से बचेंगी कई जिंदगी



**मनेन्द्रगढ़।** मानव सेवा और सामाजिक दायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस जनहितकारी अभियान में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा पत्रकारों ने भाग लेते हुए 56 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने स्वयं पूरे कार्यक्रम की सतत निगरानी करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उनके नेतृत्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम भावना के कारण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र राणा एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उनके साथ चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों, मैदानी अमले तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सोनहत में चार...

करने में सहयोग करें तथा किसी भी संभावित बाल विवाह की सूचना तत्काल जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन अथवा निकटतम पुलिस थाना को दें। प्रशासन ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के अधिकारों का हनन करता है। बाल अधिकारों की सुरक्षा तथा बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण के लिए जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है। बाल विवाह मुक्त कोरिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी संबंधित विभाग सक्रिय रूप से अभियान चला रहे हैं।

### मंत्री नेताम ने...

अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये शुभंकर सरल भाषा और स्थानीय परिवेश के माध्यम से लोगों को कचरा पृथक्करण, पुर्नचक्रण, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार के लिए प्रेरित करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में इन शुभंकरों के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूलों, मोहल्लों, ग्राम सभाओं एवं विभिन्न सामाजिक मंचों पर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस पहल को स्वच्छ कोरिया, सुघ्घर कोरिया, समृद्ध कोरिया के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम बताया। सभी ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने तथा जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में आदर्श बनाने का संकल्प दोहराया।

### दिव्यांगों एवं वरिष्ठ...

श्रीमती गीता राजवाड़े भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं एसडीएम अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी विभागों के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति और टीबी...

महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने महतारी वंदन योजना का उल्लेख किया और कहा कि पात्र विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि भेजी जा रही है। उन्होंने महिलाओं से समय पर ई-केवाईसी कराने तथा अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। किसानों के हित में राज्य सरकार के निर्णयों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3,100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुआ है। शिविर में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि मांग और शिकायत संबंधी सभी आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जानकारी दी कि सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में अब तक 5,332 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2,866 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 2,466 आवेदनों पर कार्रवाई जारी है। कलेक्टर ने किसानों को खाद-बीज वितरण, वृद्धावस्था पेंशन भुगतान, राशन भंडारण तथा आधार अपडेट और ई-केवाईसी की सुविधाओं की जानकारी भी दी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, फूड बास्केट, आइस बॉक्स, दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर एवं सहायक उपकरण तथा लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को खुशियों की चाबी और अभिनंदन पत्र प्रदान किए गए। साथ ही गोदभराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। शिविर स्थल में ही मंत्री रामविचार नेताम ने ग्रामीणों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि शराब और अन्य नशों से दूर रहकर लोग अस्पताल और पुलिस के चक्करों से बच सकते हैं। साथ ही जिले को टीबी मुक्त बनाने का भी सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रभाकर खलको, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत अभियान...

जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कलसा, मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र त्रिपाठी, कोरिया कॉलरी प्रभारी रणविजय सिंह, सहप्रभारी दुर्गा सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा चिरमिरी मंडल उपाध्यक्ष राजकुमारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रितेश पांडे, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद मोती प्रधान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष मीना कुमारी, अंजन घोष, उमेश कबीर, कार्यकारिणी सदस्य श्याम शेर सिंह, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता महेन्द्र कुमार गुप्ता, सोनिया कौशिक, पुन्नूलाल केवट, मंजू, रवि कलसा, घनश्याम कलसा, श्यामू, अनिल, दिनेश, जेम्स, हेमेन्द्र, बंशीधर नगर सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा चिरमिरी मंडल निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा आगे भी ऐसे जनजागरूकता अभियान जारी रहेंगे।

## घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपए

# राहवीर योजना से जुड़ने ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज: नवागढ़

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में राहवीर योजना के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नवागढ़ थाना की पुलिस टीम ने ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए शासन द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी।



कार्यक्रम में एएसआई रामकृष्ण आदित्य ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में सहयोग करता है, तो उसे छत्तीसगढ़ शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने वाले लोगों को पुलिस कार्रवाई या कानूनी प्रक्रिया से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में मानवता का परिचय देते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में सहयोग करें, जिससे उनकी जान बचाई जा सके। सहायता करने वाले व्यक्तियों को पुलिस विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। जन जागरूकता अभियान के दौरान बैनर के माध्यम से राहवीर योजना की जानकारी प्रदर्शित कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने भी योजना की जानकारी को उपयोगी बताते हुए दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने का संकल्प लिया।

योजना का उद्देश्यः- योजना का उद्देश्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना है, जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए तो उनकी जान बचाई जा सकती है। जो भी व्यक्ति तत्परता से घायलों को अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाता है, उसे राह-वीर की उपाधि दी जाएगी और 25 हजार रुपए की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इतना ही नहीं, पूरे राज्य से चयनित राह-वीरों में से 10 सबसे योग्य राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपए का पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।